!! KANPUR DEHAT POLICE !!

थाना मूसानगर

दिनांक- 02.03.2026

खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने की बड़ी कार्यवाही: मिलावटी मिठाई की 82 किलोग्राम खेप पकड़ी गई, मौके पर नष्ट।

कृपया अवगत कराना है कि त्योहारों के दृष्टिगत जनपद कानपुर देहात में मिलावटी खाद्य उत्पादों के विरुद्ध चलाये जा विशेष अभियान के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए गजनेर तिराहा थाना क्षेत्र मूसानगर में चेकिंग अभियान के दौरान करीब 82 किलोग्राम मिलावटी मिठाई बरामद की। यह कार्यवाही मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री विनोद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। थाना मूसानगर पुलिस व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी व खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरौधा ब्लॉक तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के साथ डॉ. राम तेज की टीम ने वीनू कुमार पुत्र स्व. रामप्रकाश, निवासी ग्राम जिठरौली, थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात द्वारा संचालित ऑटो रिक्शा (संख्या UP77AT5104) को रोककर तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान वाहन में ले जाई जा रही मिठाइयों की जांच की गई, जिसमें संदिग्ध मिलावट पाए जाने पर टीम द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राम तेज द्वारा मौके पर ही खाद्य नमूना संग्रह की कार्यवाही की गई। नियमानुसार नमूने को सील कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। वहीं, उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए संदिग्ध मिलावटी मिठाई की पूरी 82 किलोग्राम खेप को मौके पर ही विधिवत नष्ट करा दिया गया।

बरामदगी का विवरण-

टीम ने वाहन से कुल 82 किलोग्राम मिलावटी मिठाई बरामद की, जिसमें शामिल हैं:

बर्फी: 59 किलोग्राम

डोडा बर्फी: 23 किलोग्राम

मिलावटी मिठाई जिससे बरामद की गयी-

वीनू कुमार पुत्र स्व0 रामप्रकाश निवासी ग्राम जिठौली थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात

कार्यवाही करने वाली संयुक्त टीम का विवरण-

प्र0नि0 श्रीमती रीना गौतम थाना मूसानगर

उ0नि0 श्री बन्दूलाल थाना मूसानगर

श्री विनोद कुमार पाण्डेय मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जनपद कानपुर देहात

डा0 राम तेज खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरौधा ब्लाक तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात